आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 06.01.2025 समय : 18.30 पीएम

- चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा–देश में एचएमपीवी के कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है।
- राज्य सरकार ने बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र से एमओयू किये–दोनों बैंक 30 हजार करोड़ रुपये के ऋण देंगे।
- केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया।
- गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारों में विशेष अरदास और शबद कीर्तन के आयोजन।
- मौसम में आए बदलाव से राज्य में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि देश में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस–एचएमपीवी के कुछ मामले सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। श्री खींवसर ने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज इस वायरस के संबंध में सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया गया है कि यह वायरस घातक नहीं है। अब तक इस वायरस से मौत का कोई भी मामला सामने नहीं आया है।
इस बीच, स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने आकाशवाणी से बातचीत में कहा कि इस वायरस से घबराने की जरूरत नहीं है। लेकिन श्वसन संबंधी तकलीफ होने पर चिकित्सकीय सलाह लेने को कहा है।

.............

प्रदेश में सर्दी और मौसमी बीमारियों को देखते हुए चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इसमें कोविड, स्वाइन फ्लू और इन्फ्लुएंजा से संक्रमित मरीजों के लिए अलग से ओपीडी और आईपीडी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कोविड के मामले मिलने पर उनके सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग करवाने को भी कहा गया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार 'विकसित राजस्थान 2047' के तहत पांच वर्षों की कार्य योजना बनाकर समावेशी विकास के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना के तहत भविष्य के लिए दस संकल्प तय किए गए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे का विकास करना और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को साढे तीन सौ बिलियन डॉलर पर पहुंचाना शामिल है।
श्री शर्मा आज मुख्यमंत्री निवास पर बैंक ऑफ बड़ौदा तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ राज्य सरकार के एमओयू हस्ताक्षर करने के अवसर पर बोल रहे थे। इन एमओयू के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा अगले छह सालों में हर वर्ष 20 हजार करोड़ रुपये का ऋण देगा। वहीं बैंक ऑफ महाराष्ट्र हर साल 10 हजार करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध कराएगा। यह धनराशि सरकार की विभिन्न परियोजनाओं, विशेषकर आधारभूत ढांचा क्षेत्र जैसे बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता के लिए उपयोग में ली जाएगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव सुधांश पंत और अन्य प्रशासनिक अधिकारी तथा दोनों बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए आज आयोजित समीक्षा बैठक जारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में कृषि, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग, स्वास्थ्य, खनन, पर्यटन,

नगरीय विकास और आवासन विभाग के 124 एमओयू के क्रियान्वयन के बारे में विभागीय अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले साल 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित हुए राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन के तहत कुल 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए थे। इसके बाद इन एमओयू के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने त्रि–स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल की थी।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में पंचायत से संसद कार्यक्रम के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायतीराज संस्थाओं की अनुसूचित जनजातियों से चुनी गई महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में बीस राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की पंचायतीराज संस्थाओं से चुनी गई करीब पांच सौ महिला प्रतिनिधि भाग ले रही हैं। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं गांवों के विकास की दिशा में काम कर रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार कर रही हैं।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है। मुंबई में एनएचएआई द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान 2025 के 'सुरक्षा रीलोडेड' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं के आँकड़े साझा करते हुए बताया कि पिछले साल स्कूल और संस्थागत क्षेत्रों में दस हजार लोगों ने अपनी जान गंवा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी नियमों का पालन करने की शपथ लेंगे, तो वे खुद के साथ–साथ दूसरों की सुरक्षा में भी मददगार साबित होंगे।

000

एसआई भर्ती 2021 मामले में ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने पर उच्च् न्यायालय ने राज्य सरकार को फटकार लगाई है। ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने के पुलिस मुख्यालय के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। इस पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने बताया कि हाईकोर्ट ने नाराज़गी जताते हुए सरकार को यथास्थिति बनाए रखने को कहा है।

..............

000

सिखों के 10वें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। गुरुद्वारों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। राजधानी जयपुर में राजापार्क, हीदा की मोरी, वैशाली नगर सहित अन्य गुरुद्वारों में लंगर बरता जा रहा है। गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ, अरदास और शबद कीर्तन किये जा रहे हैं। झालावाड़ के झालरापाटन में प्रभात फेरी निकाली गई। पाली के सुमेरपुर गुरुद्वारे में पौधरोपण किया गया। भरतपुर में गुरुद्वारों में गुरबानी के आयोजन रखे गए। पाईबाग स्थित गुरुद्वारे में रागी जत्थों की ओर से शबद कीर्तन हुआ।

हनुमानगढ़ के सुखा सिंह मेहताब सिंह गुरुद्वारे में साधु संगत ने माथा टेककर देश में समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

बाड़मेर में सीमा सुरक्षा बल की 76वीं बटालियन की ओर से प्रकाश पर्व मनाया गया। शबद कीर्तन किये गये और प्रसाद का वितरण किया गया। हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि जिले के बूढा जोहड़ में विशेष दीवान सजाए गए हैं। लोगों के लिए अटूट लंगर की व्यवस्था की गई है।

................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने बधाई संदेश में कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन प्रेम, करूणा, एकता और समानता की सीख देता है। इसे सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

000

राज्य में आज कई स्थानों पर बादल छाए रहे और सर्द हवाएं चलीं। इससे गलन और ठिठुरन बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में 2 से 4 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। माउंटआबू में

न्यूनतम तापमान 3 दशमलव 8 डिग्री और जैसलमेर में 6 दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच आज करौली, भरतपुर और सवाईमाधोपुर सहित कई जगह घना कोहरा छाया रहा। शीतलहर की स्थिति को देखते हुए दौसा में जिला कलेक्टर ने सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से आठवीं तक के बच्चों के लिए कल का अवकाश घोषित किया है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने और तापमान में गिरावट के आसार जताये है।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि सरकार गांव—ढाणी तक चिकित्सा सुविधाएं सुलभ करने के लिए नर्सेज और पैरामेडिकल स्टाफ के खाली पदों को जल्द से जल्द भरने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग में कम समय में ही 20 हजार से अधिक खाली पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। श्री खींवसर आज जयपुर में राजस्थान नर्सिंग काउंसिल परिसर में फ्लोरेंस नाइटिंगेल की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।